सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 05 अंक : 05 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, सोमवार, 1 जुलाई, 2024

A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN

SESSION 2024 - 2025

CLASS - 11 SCIENCE COMMERCE & ARTS

HOSTEL FACILITY AVAILABLE

AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS · FIT INDIA SCHOOL · TOP 500 · ISO 9001:2015

9934319186 | BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD

# बिहार के तरह झारखंड में गिरा भरभरा कर निर्माणाधीन पुल

**भारी बारिश की वजह से हुआ हादसा**

पोलिट लाइव रिपोर्टर




गिरिडीह : बिहार में तमाम पुलों के गिरने की खबरों के बीच अब झारखंड के गिरिडीह जिले में भी पुल गिरने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि भारी बारिश की वजह से निर्माणाधीन पुल का एक गर्डर गिर गया, जिसके बार एक पिलर भी झुक गया। हालांकि इस हादसे में किसी के घायल होने की कोई जानकारी नहीं सामने आया है। बता दें कि इस पुल का निर्माण गिरिडीह जिले में अरगा नदी पर किया जा रहा था। रविवार को अधिकारियों ने इस घटना के बारे में जानकारी दी।

### फतेहपुर-भेलवाघाटी मार्ग पर बन रहा था पुल

मामले के बारे में अधिक जानकारी देते हुए अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना झारखंड की राजधानी रांची से 235 किलोमीटर दूर देवरी प्रखंड में हुई। यह पुल अरगा नदी पर डुबरीटोला और करिहरी गांव को जोड़ने के लिए फतेहपुर-भेलवाघाटी मार्ग पर बनाया जा रहा है। वहीं गिरिडीह से सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय कुमार ने बताया, "पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। शनिवार रात भारी बारिश के कारण पुल का 'सिंगल-स्पैन' गर्डर गिर गया और एक पिलर झुक गया। ठेकेदार को उस हिस्से को दोबारा बनाने के लिए कहा गया है।"

## सीएम चम्पाई सोरेन 1500 करोड़ की परियोजनाओं का 2 जुलाई को देंगे सौगात




पोलिट लाइव रिपोर्टर

PL न्यूज डेस्क रांची - मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन दो जुलाई को राज्यवासियों को 1500 करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। इस अवसर पर जल संसाधन, पथ निर्माण विभाग व भवन निर्माण मंत्री बसंत सोरेन भी उपस्थित रहेंगे। उप राजधानी दुमका से योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन होगा। इसका सबसे अधिक लाभ संथाल के सभी छह जिलों को मिलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण सड़क-पुल व प्रखंड भवन सहित सिंचाई परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। इनमें कई नई योजनाएं भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को देखते हुए तीनों विभाग तैयारी कर रहे हैं। संबंधित जिला प्रशासन को भी इस संबंध में दिशा-निर्देश दिया गया है।

## हूल दिवस पर बोले हेमंत- केंद्र सरकार मेरे खिलाफ लगातार साजिश रच रही है

पोलिट लाइव रिपोर्टर



साहेबगंज : हूल दिवस के अवसर पर रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन सिदो-कान्हू, फूलो-झानो की धरती साहिबगंज जिले के बरहेट स्थित भोगनाडीह पहुंचे। यहां जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला। सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार उनके खिलाफ लगातार षड्यंत्र रच रही है। इतना ही नहीं, ये लोग झारखंड विधानसभा चुनाव समय से पहले कराना चाह रहे हैं।

### कार्यकाल पूरा नहीं करने देना चाहता है केंद्र

हेमंत सोरेन ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग राज्य सरकार का कार्यकाल पूरा नहीं होने देना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हमने केंद्र से राज्य के बकाया पैसों की मांग की, तो मुझे जेल भेज दिया गया। अब ईडी -सीबीआई और जेल-फांसी से हमलोग नहीं डरनेवाले हैं। आनेवाले चुनाव में हम ऐसा परिणाम देंगे कि राज्य के विकास की गति और बढ़ जायेगी। हेमंत सोरेन ने कहा कि हमलोग झारखंड में ऐसा कानून बनायेंगे कि यहां की खनिज संपदा पर यहां के स्थानीय लोगों को हक मिले। ये बीजेपी के लोग हमारे जल, जंगल, जमीन को बेच देना चाहते हैं, लेकिन हमलोग उन्हें ऐसा नहीं करने देंगे।

### तेजी से हो रहा है झारखंड का विकास : चंपाई

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि महागठबंधन (झामुमो, कांग्रेस, राजद) की सरकार में झारखंड में विकास की गति तेज हुई है। 50 वर्ष से ज्यादा आयु की महिलाओं को सरकार द्वारा पेंशन दी जा रही है। युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा रही है।

इस मौके पर सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, जे एम एम के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी व गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने सिदो-कान्हू और चांद-भैरव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं, सिदो-कान्हू पार्क में वीरांगना फूलो-झानो की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

### पंचकठिया के क्रांति स्थल पर योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन


हूल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन बरहेट के पंचकठिया स्थित क्रांति स्थल भी गये। वहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शहीद सिदो-कान्हू को श्रद्धांजलि दी।





# आईआईटी आईएसएम धनबाद में मॉडलिंग, विश्लेषण और सिमुलेशन पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

पोलिट लाइव रिपोर्टर




धनबाद : गणित और कंप्यूटिंग विभाग द्वारा आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में मॉडलिंग, विश्लेषण और सिमुलेशन पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को झिझक छोड़ने एवं स्वयं पर लगाए गए अवरोधों से बाहर आनेऔर ज्ञान प्राप्त करने के लिए विशेषज्ञों से बातचीत करने और के उपदेश के साथ संपन्न हुआ।

यह अवसर रविवार शाम संस्थान के गोल्डन जुबिली लेक्चर थिएटर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन समारोह का था, जिसमें आई आई टी खरगपुर के प्रख्यात गणितज्ञ प्रोफेसर ए जीपी राजशेखर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि प्रोफेसर एमके सिंह, डीन (अकादमिक) ने समारोह की अध्यक्षता की।

प्रतिभागियों की सभा को संबोधित करते हुए, प्रोफेसर राजशेखर ने कहा, "विज्ञान में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सबसे पहला और सबसे महत्वपूर्ण मानदंड प्रश्न पूछने के डर और विशेषज्ञों से बात करने की झिझक आदि को दूर करना है" और कहा कि सभी समान हैं इसलिए ज्ञान प्राप्त करने की प्रक्रिया.में किसी को भी किसी से डरने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने आगे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षा की अंतःविषय प्रकृति के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा, "वे दिन गए जब केवल कोर बीजगणित में रहने वाले लोग ही बीजगणितीय अभ्यास करने के लिए लगे हुए थे, लेकिन अब अधिकांश कॉम्बिनेटरिक्स हैं जो बीजगणितीय असाइनमेंट और इसके विपरीत के लिए लगे हुए हैं और कहा कि ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि विभाग अन्य प्रासंगिक डोमेन के विशेषज्ञों के लिए खुल रहे हैं। राजशेखर ने आगे कहा, "इस प्रकार चीजें बदल रही हैं और गणितज्ञ की भूमिका सीमित नहीं है, जबकि यह दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है" और कहा कि नेशनल मिशन फॉर इंटरडिसिप्लिनरी साइबर फिजिकल सिस्टम (लगभग 4000 करोड़ रुपये) और नेशनल क्वांटम मिशन (लगभग 6000 रुपये) में गणितज्ञों के लिए बहुत बड़ा अवसर होगा और यह गणित के एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है बल्कि विभिन्न क्षेत्रों के गणितज्ञों की आवश्यकता है"

प्रोफेसर एमके सिंह, डीन (अकादमिक) ने अपने अध्यक्षीय भाषण के दौरान कहा, "इस तरह के आयोजन किसी संस्थान के लिए आउटरीच गतिविधि के उद्देश्य को पूरा करते हैं क्योंकि शिक्षण, अनुसंधान, आउटरीच और सहकर्मी धारणाएं किसी भी संस्थान के पाठ्यक्रम के बहुत महत्वपूर्ण तत्व हैं|"

## युवा प्रगति संगठन डोम समाज धनबाद के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक राज सिन्हा को जन सुविधाओं से वंचित मांग पत्र दिया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : युवा प्रगति संगठन डोम समाज धनबाद के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक राज सिन्हा को जन सुविधाओं से वंचित मांग पत्र सामाजिक कार्यकर्ता बिरजन राम सहित प्रतिनिधि मंडल ने समाज की समस्याओं से अवगत कराया झारखंड प्रदेश में भूमिहीन समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में एवं जन सुविधाओं से वंचित मांग पत्र दिया.

झारखंड राज्य झारखंड में शोषित वंचित भूमिहीन परिवारों का स्थानीय जांच के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाया जाए

पुराना बाजार अंबेडकर नगर नियर शंभू धर्मशाला, श्री राम नगर जोड़ा फाटक धनबाद ,नहीं जल है नहीं नल है , जहां लोग रात्रि में सोते हैं वही यहां के लोग पानी की समस्या को दूर करने के लिए रात्रि 2:00 बजे से सुबह 5:00 तक पानी भरते हैं इतने बड़े कॉलोनी में मात्र एक ही नाल है

शोषित वंचित भूमिहीन परिवारों के ऐसे कुछ घरों है जहां पर अभी तक बिजली मीटर नहीं लगा एवं वह लगवाने में सक्षम नहीं है आर्थिक तंगी के कारण वैसे घरों में सरकार द्वारा 100 यूनिट बिजली फ्री कनेक्शन लगावाया जाए

2017 से 10 ऐसे परिवार है धनबाद नगर निगम कारपोरेशन लिमिटेड धनबाद जिला क्षेत्र में अनुकंपा में नौकरी नहीं मिला और ना ही मृतक परिवार के धर्मपत्नी को पेंशन मिल पाया जिसके कारण उसकी दैनिक स्थिधि काफी दैन्य हो चुकी हैं। माननीय धनबाद विधायक महोदय जी से अनुरोध करता हूं कि इस पर संज्ञान लेते हुए वैसे मृत्यु हुए परिवारों के सदस्यों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी पर रखा जाए.

## भाजपा विजय संकल्प यात्रा सह कार्यकर्ता सम्मान समारोह के लिए तीनों विधानसभा कमीटी की हुई घोषणा

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के अध्यक्ष श्रवण राय जी ने विजय संकल्प यात्रा सह कार्यकर्ता सम्मान समारोह के लिए धनबाद महानगर के तीनों विधानसभा के लिए कमीटी की घोषणा की है। धनबाद विधानसभा के लिए धनबाद के विधायक श्री राज सिंहा जी,बीरेन्द्र हांसदा, रामदेव महतो को बनाया है। झरिया विधानसभा के लिए श्री सरोज सिंह जी, श्रीमती रागिनी सिंह जी औरश्री योगेंद्र यादव को बनाया है। बाघमारा विधानसभा के प्रभारी श्री शरद महतो जी, श्री धनेश्वर महतो जी तथा श्री महेश पासवान को बनाया है। अध्यक्ष श्री श्रवण राय ने बताया कि यह कार्यक्रम 6 जुलाई से लेकर 15 जुलाई तक चलेगा। इस कार्यक्रम में सभी बूथों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। जिस जिस बूथ पर भारतीय जनता पार्टी का सभा चुनाव में प्रदर्शन अच्छा रहा है। वैसे वैसे बूथों के अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा।

## भाजपा धनबाद महानगर किसान मोर्चा ने मनईटाँड सब्जी बागान में पौधा रोपण किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर किसान मोर्चा के द्वारा मनईटाँड शब्जीबागान में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। किसान मोर्चा के द्वारा द्वारा विभिन्न स्थानों पर कई फलदार एवं छाया देने वाले पेड़ लगाए गए ।धनबाद विधायक राज सिन्हा , भाजपा के प्रदेश मंत्री सरोज सिंह एवम जिला महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने भी पेड़ लगाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने आम लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि, आज भारत सहित पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से चिंतित है । ऐसे में अधिक से अधिक पेड़ लगाने से ही हमारी सुरक्षा हो सकती है आज हम सभी को पर्यावरण संरक्षण अभियान के प्रति जागरूक हो अधिक से अधिक पेड़ लगाना होगा। पौधारोपण से हम प्रदूषण दूर कर पर्यावरण व प्रकृति की रक्षा करेंगे । विधायक श्री सिन्हा ने आगे कहा कि लोगों को जिंदा रहने, आने वाली पीढ़ी को जल संकट ,भीषण गर्मी एवं जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण जैसी महान शत्रु से मुक्ति पाना है तो इसका एकमात्र उपाय पौधारोपण ही है। श्री सिन्हा ने लोगों से पौधा रोपण के बाद उसे संरक्षित करने की जिम्मेवारी लेने का भी आहवान किया। इस अवसर पर पे भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के मंत्री सरोज सिंह ने कहा कि भाजपा पूरे प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान चला रही है इसका एकमात्र उद्देश्य आम लोगों को पेड़ लगाने की महत्व बताना है, भाजपा कार्यकर्ताओं की तरह आम लोग भी इसके महत्व को समझें और अधिक से अधिक पेड़ लगाएं।देश के प्रधानमन्त्री जी ने भी आज अपने मन की बात में "एक पेड़ माँ के नाम" की चर्चा की है। भाजपा महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि भाजपा के करोड़ कार्यकर्ताओं के प्रेरणापुंज, महान विचारक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई तक विशेष अभियान के तहत भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता न केवल पेड़ लगा रहे हैं बल्कि आम लोगों को जागरूक करने के कार्य में पूरी तन्मयता से लगे हुए हैं।इस अवसर पे भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल सिन्हा, मनईटाँड मंडल अध्यक्ष मौसम सिंह,संजय कुशवाहा , अर्जुन खटिक,दीपक गुप्ता, राजेश राम, सागर कुमार,धर्मेंद्र कुमार, सतीश रजक,अजय कुमार, रंजीत महतो, धीरज कुमार,अर्जुन कुमार, जोगिंदर राम,इंदुभूषण कुशवाहा, दीपक कुमार सहित कई पार्टी पदाधिकारी एवम आमलोग उपस्थित थे।

# झामुमो धनबाद समिति ने जिला कार्यालय, कुर्मीडीह में हूल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : झामुमो धनबाद समिति द्वारा जिला कार्यालय, कुर्मीडीह में हूल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम कि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन ने कि एवं संचालन जिला प्रवक्ता समीर रवानी ने किया। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा सिधो कान्हू के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया तदोपरांत सभी ने




तस्करी पर पुष्प अर्पित कर महान स्वतंत्रता सेनानीयों को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुएं जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन ने कहा कि आज दिन ही आदिवासी भाइयों सिद्धो-कान्हो और चांद-भैरव के नेतृत्व में भोगनाडीह में लगभग 50,000 आदिवासियों ने 30 जून 1855 को महाजनी प्रथा और ब्रिटिश बंदोबस्त नीति के खिलाफ युद्ध की घोषणा की थी।इस विद्रोह का मुख्य उद्देश्य अंग्रेजीहुकूमतद्वारा आदिवासियों के कृषि कर के नाम पर 50 से 500 प्रतिशत वसूलना बंद करवाना था।आदिवासियों ने एकजुट होकर अंग्रेजों के इस शोषण के खिलाफ आवाज उठाई और यह निष्कर्ष निकाला कि वे खुद को स्वतंत्र घोषित करेंगे और भू-राजस्व नहीं देंगे। इसके मद्देनजर स्थानीय जमींदारों और अंग्रेजी सरकार से आए उद्यमियों को मौत के घाट उतार दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य कंसारी मंडल, धरनीधर मंडल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला प्रवक्ता समीर रवानी, जिला सह सचिव एजाज अहमद, टिंकू अंसारी,भरत कालिंदी,पवन माझी, राकेश मसिह,जूनेद आलम सहित अन्य मौजूद थें।

## भारतीय टीम की जीत की खुशी पर जश्न



भारत की T20 में वर्ल्ड कप में जीत की खुशी में जश्न मनाते हुए बाजार समिति चेंबर के व्यवसाय गण

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : भारतीय क्रिकेट टीम के द्वारा T20 वर्ल्ड कप जीतने की खुशी में कृषि बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी व्यापारियों मजदूर एवं टेंपो चालकों के द्वारा जीत का जश्न मनाया गया जिसमें जमकर आतिशबाजी की गई मिठाइयां बांटी गई।

अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल सचिव गौरव गर्ग कोषाध्यक्ष दीपक कटेसरिया सुरेंद्र जिंदल विनोद सिंगल कृष्ण अग्रवाल सूरज यादव सुधीर बंसल जसविंदर सिंह इंद्र अग्रवाल रवि गुप्ता उत्तम हेडोदिया प्रज्वल साव महेश अग्रवाल अंकित अग्रवाल सुशील अग्रवाल सुशील अग्रवाल पंकज गुप्ता बिट्टू लाडिया इत्यादि व्यापारी मौजूद थे।

## पवित्रम वन महोत्सव बरवाअड्डा में संपन्न

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : पवित्रम सेवा परिवार धनबाद के द्वारा रविवार को बरवाअड्डा स्थित गणेश पेट्रोल पंप में पवित्रम वन महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद सांसद ढुलू महतो की धर्मपत्नी सावित्री देवी उपस्थित थी। मुख्य अतिथि को एक पौधा, श्रीमद्भागवत गीता एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। आयोजन में पौधे लगाने और पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम मे सभी लोगों ने मंत्रों के माध्यम से धरती और पर्यावरण को बचाने का संकल्प किया। सभी उपस्थित लोगों को पर्यावरण बचाने के लिए अपने जीवन शैली मे बदलाव, एसी का उपयोग कम करने, डिस्पोजल का प्रयोग कम करने , प्लास्टिक का प्रयोग



कम करने का संकल्प लिया। सभी लोगों ने घरों में खाए जाने वाले आम, जामुन,लीची के बीजों को सुखाने का संकल्प भी किया । मुख्य वक्ता अजय भरतिया ने सभी लोगों से अपने आसपास की स्कूलो,कालेजों, सार्वजनिक स्थानों को चयन कर वहां पवित्रम परिवार के साथ मिलकर वृक्षारोपण का आह्वान किया सभी संस्थाओं को इस अभियान मे साथ जुड़ने का आह्वान किया।

मौके पर उपस्थित बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बाजार समिति परिसर में एक सौ एक पौधा रोपण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंत्रोचार के साथ पेट्रोल पंप में आम, अनार, आंवला, आदि फलदार पौध रोपण किया गया।

मौके पर मुख्य रूप से संस्था के संस्थापक अजय भरतीया, पर्यावरण संयोजक विपुल कुमार, राकेश खंडेलवाल, वंदना घोषाल, भारती दुबे के साथ ही साथ पवित्रम परिवार के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारी आलोक डोकानिया, मनोज मिश्रा, काजल झा , अनिता डोकनिया, विभा अग्रवाल, राशि गुप्ता, ब्रजेश कुमार, राजेश सिह, अमित अग्रवाल,विनोद सिंघल आदि संस्था के दर्जनों सदस्य उपस्थित थे। आयोजन की अध्यक्षता किशन वीरु शंघाई व संचालन जितेंद्र अग्रवाल ने किया।



# हूल दिवस के अवसर पर सभी स्वतंत्रता संग्राम के वीर योद्धा को शत शत नमन

### हूल दिवस - आजादी की पहली लड़ाई थी हूल क्रांति

पोलिट लाइव रिपोर्टर

जिस दिन झारखंड के आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ हथियार उठाया था, यानी विद्रोह किया था। उस दिन को 'हूल क्रांति दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस युद्ध में करीब 20 हजार आदिवासियों ने अपनी जान दे दी थी।

### आजादी की पहली लड़ाई.....

हालांकि आजादी की पहली लड़ाई तो सन 1857 में मानी जाती है। लेकिन झारखंड के आदिवासियों ने 1855 में ही विद्रोह का झंडा बुलंद कर दिया था। 30 जून, 1855 को सिद्धू और कान्हू के नेतृत्व में, मौजूदा साहेबगंज जिले के भगनाडीह गांव से विद्रोह शुरू हुआ था। इस मौके पर सिद्धू ने नारा दिया था, 'करो या मरो, अंग्रेजों हमारी





माटी छोड़ो'।

### आंदोलन का कारण.....

मौजूदा संथाल परगना का इलाका बंगाल प्रेसिडेंसी के अधीन पहाड़ियों एवं जंगलों से घिरा क्षेत्र था। इस इलाके में रहने वाले पहाड़िया, संथाल और अन्य निवासी खेती-बाड़ी करके जीवन-यापन करते थे और जमीन का किसी को राजस्व नहीं देते थे। ईस्ट इंडिया कंपनी ने राजस्व बढ़ाने के मकसद से जमींदार की फौज तैयार की । जो पहाड़िया, संथाल और अन्य निवासियों से जबरन लगान वसूलने लगे। लगान देने के लिए उनलोगों को साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता और साहूकार के भी अत्याचार का सामना करना पड़ता था। इससे लोगों में असंतोष की भावना मजबूत होती गई। सिद्धू, कान्हू, चांद और भैरव चारों भाइयों ने लोगों के असंतोष को आंदोलन में बदल दिया।

### आंदोलन की शुरुआत.....

30 जून, 1855 को 400 गांवों के करीब 50 हजार आदिवासी भगनाडीह गांव पहुंचे और आंदोलन की शुरुआत हुई। इसी सभा में यह घोषणा कर दी गई कि , वे अब मालगुजारी नहीं देंगे। इसके बाद अंग्रेजों ने, सिद्धू, कान्हू, चांद तथा भैरव- इन चारों भाइयों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। जिस दरोगा को चारों भाइयों को गिरफ्तार करने के लिए वहां भेजा गया था, संथालियों ने उसकी गर्दन काट कर हत्या कर दी। इस दौरान सरकारी अधिकारियों में भी इस आंदोलन को लेकर भय पैदा हो गया था।

### आंदोलन का परिणाम.....

आंदोलन को दबाने के लिए अंग्रेजों ने इस इलाके में सेना भेज दी। जमकर आदिवासियों की गिरफ्तारियां की गईं और विद्रोहियों पर गोलियां बरसने लगीं। आंदोलनकारियों को नियंत्रित करने के लिए मार्शल लॉ लगा दिया गया। आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी के लिए अंग्रेज सरकार ने पुरस्कारों की भी घोषणा की थी। बहराइच में अंग्रेजों और आंदोलनकारियों की लड़ाई में चांद और भैरव शहीद हो गए। प्रसिद्ध अंग्रेज इतिहासकार हंटर ने अपनी पुस्तक 'एनल्स ऑफ रूलर बंगाल' में लिखा है, 'संथालों को आत्मसमर्पण की जानकारी नहीं थी, जिस कारण डुगडुगी बजती रही और लोग लड़ते रहे।' जब तक एक भी आंदोलनकारी जिंदा रहा, वह लड़ता रहा।

# ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर में मारी टक्कर, चालक की मौत

### महुदा की घटना, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : धनबाद -बोकारो मुख्य मार्ग पर कांड्रा स्थित शिव मंदिर मोड़ के पास रविवार अहले सुबह ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। घटना में ट्रैक्टर चालक तारगा निवासी किशना राय की मौत हो ग ई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव उठाने से रोक दिया ओर सड़क को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही महुदा पुलिस मौके पर पहुंच गई। करीब साढ़े छह बजे सांसद ढुलू महतो के भाई सह एटक नेता शत्रुघ्न महतो घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता किया। वार्ता में महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार, भाजपा नेता धनेश्वर महतो, संतोष महतो, राजेश महतो आदि शामिल थे। वार्ता में बीमा राशि एवं ट्रक मालिक से सहयोग दिलाने का अश्वासन दिया गया। तत्काल सरकारी सहायता के रूप में 20 हजार रुपये मृतक के भाई राजनारायण राय को दिया गया। इसके अलावा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, संतोष महतो, राजेश महतो, पप्पु गोप, मधुसुदन मिश्रा आदि ने भी आर्थिक सहयोग किया। इसके बाद सड़क जाम हटा और करीब 7.30 बजे पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेजा दिया। किशना राय ट्रैक्टर-ट्रॉली में ईंट लेकर बंगाल जा रहा था। रास्ते में कांड्रा के पास तेल लेने के लिए मुड़ रहा था तभी अचानक से पीछे से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ट्रैक्टर चला रहे किशना राय की मौके पर ही मौत हो गई।

# बीसीसीएल सीएमडी से श्रमिक समस्या पर अनुपमा ने की वार्ता,विधायक अनूप ने सीएमडी के सामने रखा ये बड़ा सवाल

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद: बी सी सी एल के सीएमडी कार्यालय सभागार में श्रमिको के जन समस्या को लेकर आज राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन केयूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमार जय मंगल सिंह यूनियन के महामंत्री ए के झा, बृजेंद्र प्रसाद सिंह, श्रीमती अनुपमा सिंह के नेतृत्व में श्रमिक समस्याओं पर वार्ता हुई। वार्ता में भूली के अस्पताल को पूर्णरुपेण व्यवस्थित ढंग से चलाने रिक्त पदों पर मेडिकल स्टाफ और मेडिकल ऑफिसर को पदस्थापित करने, नियमित जलापूर्ति एवं विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने, श्रमिकों के आवास मरम्मति आदि मुद्दे शामिल रहा ।

श्री झा ने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी मे स्थानीय लोगों को रोजगार देने, उन्हें आईडी कार्ड, स्वास्थ्य सुविधा, सामाजिक



सुरक्षा और निर्धारित वेतनमान का भुगतान समय पर करने, सीएमपीएफ की सदस्यता का विवरण नियमित रूप से उन्हें देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के मामले पर गंभीरता पूर्वक वार्ता की गई। मुनीडीह के इंदू कंपनी में कार्य कर रहे 150 मजदूरो को काम से बैठा दिया गया है उन्हें पूर्व के वेतनमान और सभी सुविधा के साथ तत्काल काम पर लगाया जाए। बैठे अवधि का वेतन का भुगतान इंदू कंपनी से सुनिश्चित कराई जाए। बीसीसीएल के मुख्यालय में जिन दिवंगत कर्मचारियों के आश्रित के नियोजन की संचिका प्राप्त है उनको युद्ध स्तर पर जुलाई माह के अंत तक नियुक्ति पत्र देने की बात भी उठा । साथ यह भी मामला उठा कि जिनके बच्चे ऊंची शिक्षा प्राप्त है उन्हें सुरक्षा गार्ड में नियोजन न देकर योग्यतानुसार कंपनी के रिक्त पद पर नियुक्त किया जाए।

जिन कर्मचारियों की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई है उन कर्मचारियों के आश्रित परिवार के लोगों को ग्रेच्युटी और सीएमपीएफ का भुगतान जल्द कराया जाए। पिछले 10 वर्ष से रिटायर्ड या दिवंगत कर्मचारियों के परिवार को पीएफ, ग्रेचुयटी, या अन्य राशि जो भुगतान के लिए लंबित रखा गया है उन्हें एक माह के अंदर सूचीबद्ध कर भुगतान करके श्रमिक संगठनों को अवगत कराया जाए ।

श्री झा ने कहा कि बैठक में यूनियन के अध्यक्ष ने मांग की कि सीएसआर का पैसा कंपनी जिले के स्वास्थ्य सेवा, कल्याणकारी कार्य,सामुदायिक विकास, कुटीर उद्योग और प्राण घातक बीमारी से जूझ रहे गरीब परिवार के इलाज में खर्च करें। वही इस बैठक में यूनियन के कार्यकारी अध्यक्षा अनुपमा सिंह ने प्राण घातक बीमारी से जूझ रहे एक गरीब परिवार के बच्चे के इलाज की बात सीएमडी समीरन दत्ता को बताई ।

SHRI GOVIND HOSPITAL
ORTHO & GYNAE SUPERSPECIALITY HOSPITAL
An ISO 9001:2015 Certified Hospital



डॉ.प्रसून आनन्द
एम.बी.बी.एस., एम.एस.(आर्थो),
हड्डी,जोड़ एवं नस रोग विशेषज्ञ

डॉ.श्वेता शची
एम.बी.बी.एस, डी.जी.ओ..
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ





सुविधाएं
- सभी प्रकार के फैक्चर सर्जरी (कम्प्युटराईज्ड CARM मशीन द्वारा)
- जोड़ प्रत्यारोपण (Joint Replacement)
- दूरबीन द्वारा घुटने एवं कंधे की सर्जरी
- रीढ़ की हड्डी के रोग गठिया वात रोग
- खेल कूद में लगने वाली चोट का विशेष ईलाज ।
- नस रोग संबंधित रोगो का ईलाज ।
- ऑर्थोस्कोपी सर्जरी ।

सुविधाएं
- नार्मल डिलिवरी
- सिजेरियन डिलिवरी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा सर्जरी
- बांझपन का ईलाज परिवार नियोजन परामर्श

+91 90608 68957
पता-रंगडीह मोड़,नगर कियारी रोड़, गोविन्दपूर,धनबाद-828109

CONTACT FOR ADMISSION ( Boys & Girls )

Courses -
- B.TECH ( C.S./MECH./ELEC.)
- HOTEL MANAGEMENT ( Diploma /Degree )
- B.B.A. / B.B.A. LOGISTIC
- ITI WITH JOB
- BCA / MCA / DCA / PGDCA / MBA / BA / MA / Ph.D./ B.Ed
- Matric & Intermediate from Open School
- Also Contact for Other Degree & Professional Courses.

Name of Universities
LAMRIN TECH SKILLS UNIVERSITY PUNJAB
MEDHAVI SKILLS UNIVERSITY Skill • Empower • Liberate
ASIAN INTERNATIONAL UNIVERSITY ESTABLISHED UNDER SECTION 2(F) OF UGC ACT, 1956.
UTTRAKHAND STATE OPEN SCHOOL

UDDYIAN CONSULTANCY SERVICES
Behind Guru Kripa Showroom, Shanti Colony, Steel Gate, Dhanbad
Mob. : 9304062074, 9431311654

# झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ ने हुल दिवस पर बैठक कर सिद्धू-कान्हू प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

▸ 20 जुलाई को जिला मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन करेंगी

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोड्डा : हुल दिवस के मौके पर झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ द्वारा प्रदेश सचिव के नेतृत्व में कारगिल चौक पर सिद्धू-कान्हू प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गोड्डा गांधी मैदान में जिला सचिव अनिता ठाकुर की अध्यक्षता में आन्दोलन की तैयारी समिति की बैठक की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि संघ के निर्णयानुसार 20 जुलाई को जिला मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन करने को लेकर वृहत पैमाने पर प्रचार प्रसार करने के लिए सघन सभी विद्यालयों में संपर्क स्थापित कर रसोईया/संयोजिका को आन्दोलन में आने का निमंत्रण दिया जाएगा। वहीं 3 जूलाई 24 को 2 दो बजे जिला शिक्षा अधीक्षक से कार्यालय में मिला कर हटायें गये संयोजिका को पुनः वापस करने का आग्रह किया जाएगा।वही महगामा अनुमंडल के सभी प्रखंडों के रसोईया एवं संयोजिका बहनों की बैठक उर्जा नगर स्टेडियम में दिनांक 7 जुलाई दिन रविवार को 2024 को समय 11 बजे प्रभारी रविकांत कुमार सिंह के देख रेख में होने सुनिश्चित है। बैठक को जिला संरक्षक संजीव ठाकुर ने संयोजिका एवं रसोईया को अपने अधिकार के प्रति पाठ पढ़ाया। वहीं संघ के प्रदेश सचिव सह प्रभारी मनोज कुमार कुशवाहा ने संयोजिका को संबोधित करते हुए कहा कि निपुण संयोजिका को विभाग नहीं हटा सकते हैं चूंकि हमलोगों ने सरकार के पूर्व सचिव अराधना पटनायक द्वारा आदेशित किया गया था और आज फिर किस आदेश के तहत् निपुण संयोजिका को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया। मैं जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा अधीक्षक से आग्रह करता हूं कि अविलंब हटाने की प्रक्रिया को बंद किया जाय तथा हटायें संयोजिका को पुनः वापस करने की दिशा में पहल कर वापस किया जाता। अन्यथा संघ का निर्धारित कार्यक्रम 20 जुलाई हज़ारो हजारों हजार की संख्या में अपनी मांगों के प्रति आन्दोलन करने का संकल्प लिया गया।इस कार्यक्रम में रोमा चटर्जी, किरण देवी, हेमा देवी, मीना देवी, रीना देवी, निर्मला देवी, विशेखा देवी,बुनम देवी के साथ जिला संरक्षक संजीव ठाकुर तथा महगामा प्रभारी रविशंकर सिंह के साथ संयोजिका, रसोईया संचालन समिति सदस्यों ने भाग लिया।

## हुल दिवस के उपलक्ष में सिद्धू कानू सेवादल ने बाइक रैली का किया आयोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: रविवार को हुल दिवस के उपलक्ष में सिद्धू कानू सेवादल आर एम के फोर अकानाघुटू के सदस्य एवं आसपास के गांव के आदिवासी युवाओं के द्वारा महापुरुषों की यादों में 30 जून को महा बाइक रैली का आयोजन किया गया था बाइक रैली का प्रारंभ आर एम के फोर दुर्गा मंदिर सिंदरी से हुआ रैली पूरा सिंदरी मार्केट से होते हुए जाहेर थान एल टाइप सिंदरी होकर पुन: जय हिंद मोढ़ होते हुए आर एम के फोर दुर्गा मंदिर सिंदरी मैं पहुंच कर रैली की समाप्ति हुई इस रैली में निम्न लोग उपस्थित हुए- नुनु लाल टुडू ,लोगेन हेंब्रम, रॉबिन सोरेन, सोमलाल हेंब्रम, महावीर, सोहन, गणेश, दीपक हेंब्रम ,धनंजय हेंब्रम ,राजेंद्र टुडू गोपाल हंसदा, संजय ,शशि ,विशाल मुर्मू, ऋतिक हेंब्रम, सुनील बेसरा, दीपक ,रविंद्र टुडू ,शंकर मुर्मू ,अग्रू टुडू, नरेश सोरेन, राहुल, अंशु, दीपू, रोहन , रोहित, पीयूष, विनीत, तथा सैकड़ो लोग शामिल थे।

## पूर्वी गोविंदपुर के गोरगोरो में ग्रामीणों द्वारा स्थापित वीर शहीद सिद्धू कान्हू के प्रतिमा का अनावरण हुआ



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : पूर्वी गोविंदपुर के गोरगोरो में ग्रामीणों द्वारा स्थापित वीर शहीद सिद्धू कान्हू की प्रतिमा का अनावरण रविवार को जिप सदस्य व झामुमो नेत्री लक्ष्मी मुर्मू ने किया गया। उन्होंने कहा कि संथाल विद्रोह के जनक की प्रतिमा स्थापित कर ग्रामीणों ने सराहनीय कार्य किया है। श्रीमती मुर्मू ने गहरा एवं सहराज में भी सिद्धू कानू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर निर्मल कुमार मंडल, रामेश्वर मुर्मू, पायका मुर्मू, कालीचरण मुर्मू, सुकल टुडू, सदानंद किस्कू, चांद मुर्मू, सुकलाल टुडू, दुगाई मुर्मू, अजय मुर्मू , शुशील हेंब्रम, किस्कू हेंब्रम , इस्माइल हेंब्रम, गुरुपद तुरी, निखिल गोराई, विश्वनाथ गोराई, पुराण मुर्मू, पार्वती मरांडी, गोरोबी मुर्मू, गोरेलाल मुर्मू, शोभा टुडू, रीता मुर्मू, गीता मुर्मू, मुनि मुर्मू, सरिता टुडू, लालमुनि मुर्मू आदि शामिल थे ।

## 168 वां हूल दिवस पर सभी शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोड्डा : 168 वां हूल दिवस पर खेतौरी शहीद राजवीर सिंह, खेतौरी शहीद हरिदेव सिंह क्रांति में हुए तमाम शहीदों सिद्धों कान्हो,चांद भैरव,गणपत ग्वाला, वेजल बाबा एवं चानकू महतो को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।परंपरागत बाजा गाजा ढोल नगाड़े के साथ अंग्रेजी शोषण और अत्याचार की यादों को जीवंत कर शहीदों की कुर्बानी से सीख लेने की बात स्वीकार है।



# वेतनमान की मांगों को लेकर झारखण्ड पारा शिक्षक, सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने टुंडी में निकाला मसाल जुलूस

**▶ सरकार अपनी वादा पूरा करो का लगाया नारा**

पोलिट लाइव रिपोर्टर





टुंडी : टुंडी में राज्य व्यापी आंदोलन के क्रम मे रविवार को हुल दिवस पर राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों में झारखण्ड पारा शिक्षक/ सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले मशाल जुलूस निकाला गया।

इस निमित 30 जुन हुल दिवस के अवसर पर टुण्डी प्रखंड के पारा शिक्षकों/ सहायक अध्यापको ने प्रखंड मुख्यालय से मुख्य बाजार तक मशाल जुलूस कुलदीप पांडेय एवं अनिल राजवंशी के नेतृत्व मे निकाला गया।

मशाल जुलूस मे मुख्य रूप से राज्य सदस्य -निरंजन कुमार डे एवं सुशील कुमार पांडेय उपस्थित हुए।

दोनों राज्य सदस्यों ने संयुक्त बयान जारी कर राज्य सरकार को चेताया ओर कहा कि अविलंब वर्तमान सरकार अपने तीन माह मे वेतनमान देने की वादा को पूरा करे अन्यथा इससे भी ज्यादा उग्र आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जायेगा।

आज के मशाल जुलूस मे सैकड़ों पारा शिक्षक/सहायक अध्यपको ने भाग लिया।

राज्य के सहायक अध्यापक अब आन्दोलन कारियों की राह मे चलने को विवश होंगे, झारखंड सरकार बिहार के तर्ज पर वेतनमान जल्द लागू करे, अन्यथा जोरदार आंदोलन होगा।

जुलुस मे मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, गिरीश साव, पंकज विश्वकर्मा, सतार अंसारी, अब्दुल रसीद, गाजों सिंह, अशोक महरा, लीलनाथ मंडल, पवन मंडल, मल्याशीष बनर्जी, कोमेश हांसदा, सुशील कुमार, अनोज शर्मा, भागीरथ सिंह, ईश्वर मुर्मु, नंदलाल महतो, सुरेन किस्कू, भानु प्रसाद, अब्दुल सतार, लक्ष्मण प्रसाद, रामचंद्र तिवारी, सुनील मुर्मु, नकुल रविदास, अख्तर अंसारी, एमडी सिराज, शुशील मुर्मु, नीलांबर रजवार, दिनेश कुमार महतो (पूर्वी टुंडी प्रखंड अध्यक्ष) संजय कुमार सिंह (गोबिंदपुर प्रखंड अध्यक्ष), लखन राय, इंद्रदेव राय, सुभाष महतो, मनोज, कृष्ण, सत्रुधन कुमार, सत्येंद्र चौधरी, परितोष, महतो, रामू ओझा, सुभाष रजवार एवं अभिराम मुर्मु इत्यादि के अलावा पारा शिक्षक सामिल थे।

## आकाशकिनारी:वार्ता के बाद जीटीए का काम हुआ चालू



पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास :25 जून से आकाशकिनारी में संचालित जीटीए आउटसोर्सिंग में चल रहा आंदोलन वार्ता के बाद समाप्त हो गया. वार्ता में जीएम जीसी साहा, कंपनी के मधु सिंह, वाईके सिंह, कतरास थानेदार असीत कुमार सिंह सहित झामुमो के दो गुट शामिल थे.बता दे कि शनिवार को काम चालू व बंद कराने को लेकर झामुमो के दो गुट आमने सामने हो गये थे.

पोलिट लाइव क़े 5वें वर्षगाँठ पर हार्दिक बधाई





पोलिट लाइव क़े 5वें वर्षगाँठ पर हार्दिक बधाई









**खबर का असर - बढ़ रहें है मदद क़े हाँथ........**

# जिंदगी और मौत से जूझ रहे तिसरा क्षेत्र के पत्रकार दीपक कुमार दुबे से मिलने जेएमएम नेता मुकेश सिंह समर्थको क़े साथ पहुँच किया मदद

पोलिट लाइव रिपोर्टर



तिसरा : जिंदगी और मौत से जूझ रहे तिसरा क्षेत्र के पत्रकार दीपक कुमार दुबे से मिलने शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय सदस्य मुकेश सिंह , संजय सिंह निर्मल रजवार, मुखिया प्रतिनिधि, मनोज सिंह अपने समर्थकों के साथ उनके आवास पहुंचे एवं अपने स्तर से आर्थिक सहायता की। मुकेश सिंह नाम कहां के इस मामले को लेकर सोमवार को धनबाद उपायुक्त से बात करेंगे मुख्यमंत्री तक मामला को ले जाएंगे। उन्होंने पार्टी एवं आम लोगों से अपील की अधिक से अधिक सहयोग करें ताकि उनका जान बचाई जा सके।नेताओं ने कहा कि इस विकट परिस्थिति में सभी लोगों को मिलकर प्रयास करना होगा यदि सभी लोग मिलकर प्रयास करेंगे तो असंभव काम नहीं है। बताते हैं कि चांद कुइया कल लोनी के रहने वाले पत्रकार विगत तीन वर्षों बीमारी से ग्रसित हाल हि मैं हैदराबाद अस्पताल गए थे तो वह डॉक्टर ने लीवर बदलने की बात कही गए जिसमें लगभग 40 लाग रुपया खर्च बताया गया पत्रकार की आर्थिक स्थिति सही नहीं है जिससे कि वे अपना इलाज करा सकते इसलिए समाज के हर वर्ग के लोग , समाजसेवी बुद्धिजीवी, से अपील की गया कि उनकी मदद की जाए ताकि उनकी जान बचाया जा सके। उनके साथ समीर रवानी, सुनील सिंह, चंदन सिंह, संजू सिंह, भाजपा के दशरथ महतो अशोक महतो, गुप्तेश्वर साव झारखंड निषाद विकास समिति के रितेश निषाद, किशन निषाद भी आए।

## तोपचांची ,आसनासिंघा में बजरंगबली मंदिर ढलाई में यूथ फ़ोर्स एवं जदयू के कार्यकर्ताओ ने दिया श्रमदान



पोलिट लाइव रिपोर्टर

तोपचांची: तोपचांची प्रखंड अंतर्गत आसनासिंघा में बजरंग बली मंदिर छत ढलाई में जदयू और यूथ फ़ोर्स के कार्यकर्ताओं ने दिया श्रमदान। इस दौरान यूथ फ़ोर्स के केंद्रीय सचिव सूरज सिंह एवं जदयू नेता समाजसेवी सहदेव सिंह ने कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यो में श्रमदान से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है !!
मौके में बिनोद सिंह, प्रदीप केवट , मिठू रजवार , अशोक दास , सपन दुबे , पंकज सिंह , सुभाष कुमार आदि उपस्थित थे!!

## पथरगामा की इशिका कुमारी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब ने सिल्वर बटन से पुरस्कृत किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोड्डा : विज्ञान साह की 11 वर्षीय पुत्री इशिका कुमारी पथरगामा जैसे छोटे गांव की रहने वाली हमारे बीच की बच्ची अपनी मेहनत और काबिलियत के बल से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अच्छी मुकाम हासिल कर ली है । आज यूट्यूब ने सिल्वर बटन से पुरस्कृत किया है । इशिका कुमारी ने बताया कि मम्मी पापा ने हमेशा मेरा सहयोग किया और हौसला को बढ़ाया। मैने अपनी पढ़ाई को भी अपनी मेहनत से जारी रखा है और जब भी समय मिलता है तो मैं सोशल मीडिया पर आप सब के बीच आती हूं। गोड्डा विधायक अमित मंडल ने इस मुकाम को हासिल करने के लिए बधाई दिया है एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## धनबाद जिला प्रमुख संघ ने गहिरा में सिद्धू कानू प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोविंदपुर : धनबाद जिला प्रमुख संघ की अध्यक्ष एवं गोविंदपुर प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह ने हूल दिवस पर गहिरा में सिद्धू कानू प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में संथाल ने भी बड़ी भूमिका अदा की थी। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का विकास ही सिद्धू कानू को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रद्धांजलि सभा में आप नेता डीएन सिंह, युनुस अंसारी, कृष्णा सोरेन, पंसस मीरा देवी, आसिफ अंसारी, अनवर अंसारी, कलीम अंसारी, परेश कुमार सोरेन, संजय महतो, सुजीत गोप, अख्तर अंसारी, कृष्णा साव, शत्रुघ्न साव, आनंद रजवार, निर्मल मंडल, अयूब अंसारी, भोला चौधरी समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## जियलगढा प्राथमिक विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र प्रसाद पांडेय क़े सम्मान में हुई विदाई समारोह



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर: जियलगढ़ा ग्राम पंचायत की मुखिया रेशम कुमारी ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते । वह आजीवन समाज को शिक्षित करते रहते हैं। वह रविवार को जियलगढा प्राथमिक विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र प्रसाद पांडेय की विदाई समारोह में बोल रही थी। प्रधानाध्यापक पंकज कुमार ने कहा कि राजेंद्र पांडेय ने 36 वर्षों तक विभाग की सेवा की । वह निर्विवाद, कुशल एवं कर्मठ शिक्षक रहे। श्री पांडेय ने कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद भी वह समाज की सेवा करते रहेंगे । कार्यक्रम को नितेश गोप, अमूल्य रतन चौधरी, राजकुमार दास, सविता पांडेय, गौतम पांडेय, अर्चना पांडेय, मीना कुमारी, विजय श्रीवास्तव, सुरेंद्र विश्वकर्मा, मृत्युंजय गिरि, मुनीलाल पटेल, विमल कुमार, अमरनाथ तिवारी, राजेश कुंभकार, राजेश सिन्हा, अंकित वासन, मोती मंडल, सरयू देवी, केडीपी वर्णवाल, मोनिका देवी आदि शामिल थे।

## तेतुलमारी नगरीकला के झाड़ियों में मिला एक लावारिस स्कूटी

पोलिट लाइव रिपोर्टर



तेतुलमारी : तेतुलमारी थाना क्षेत्र के नगरीकला के पास जंगली झाड़ियों में ग्रामीणों ने रविवार को (जेएच 10 सी डब्लु 8333) नंबर की एक लावारिस स्कूटी को देख तेतुलमारी थाना को सूचित किया तुरंत पुलिस ने मौके पर पहुँच कर उक्त वाहन को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गयी , वही लोगों ने बताया कि उक्त नीले रंग की स्कूटी जिसमे कई जगह खरोंच भी लगा हुआ है. वह लगातार दो दिनों से झाड़ीयो के समीप देखा जा रहा था। यह देख लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चा होने लगी। कुछ लोगों का कहना था कि कहीं अपराधिक घटना को अंजाम देकर अपराधियों ने उक्त स्कूटी को झाड़ी में रखकर चल दिया हो तो किसी ने कहा कि चोरी की गई वाहन होगी जिसे झाड़ी में फेंका गया है। स्कूटी के समीप से पानी की खाली बोतल व वियर के बोतल भी देखा गया। इस संबंध में तेतुलमारी थानेदार लव कुमार चौधरी ने कहा कि उक्त स्कूटी को ईस्ट बसुरिया थाना की पुलिस को सौंप दिया गया है आगे जांच पड़ताल की जा रही है ।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, झरिया नगर ने एक दिवसीय बाल शिविर का किया आयोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर



**पौधारोपण कार्यक्रम**

बाल शिविर के दौरान झरिया चिल्ड्रन पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डा डीएन पांडेय, बलदेव पांडेय,अरुण साव, शंभू गुप्ता, एम मिश्रा, एवं उपस्थित अन्य मान्य लोगों द्वारा आम जामुन सहित कई फलदार पौधे लगाए गए।

झरिया : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, झरिया नगर द्वारा रविवार को एक दिवसीय बाल शिविर का आयोजन किया गया । बाल शिविर का प्रथम सत्र झरिया चिल्ड्रेन पार्क में ध्वजारोहण से हुआ। इस दौरान सरसंघचालक डॉ देवकीनंदन पांडेय, नगर कार्यवाह दयानंद शर्मा, गण शिक्षक चंदन केशरी आदि मौजूद थे। दूसरा सत्र लाल बाजार स्थित लक्ष्मी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ। दोनों ही सत्रों में बालकों को अनुशासन, शारीरिक – बौद्धिक विकास, देश धर्म के प्रति नैतिक शिक्षा दी गई। आर एस एस धनबाद महानगर बाल कार्यक्रम प्रमुख विद्युत दत्ता, गण शिक्षक राजेंद्र साव, सत्यदेव पांडेय डॉ नीरज पांडेय, चंदन केशरी, गिरिजा सिंह द्वारा बच्चों से शारीरिक व विभिन्न प्रकार के रुचिकर खेलकूद कराए गए। वहीं दूसरे सत्र लाल बाजार स्थित लक्ष्मी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ जहां डॉ देवकीनंदन पांडे अधिवक्ता हरीश जोशी , आचार्य बलदेव पांडेय एवं राजेंद्र साव ने बच्चों को अनुशासन ,देश सेवा, ज्ञान विज्ञान की बातों से अवगत कराया। कार्यक्रम में मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, शंभू गुप्ता, अखिल देव जी, विश्वनाथ साव, अरूण साव, सुखलाल वैद्य,महेश गुप्ता, चंदन नस्कर, हरिश जोशी, सिद्धेश्वर जी, ,अनूप लिल्हा आदि मौजूद थे।